प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 29.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– राज्य वक्फ बोर्ड ने वक्फ संपत्ति का किराया ऑनलाइन लेने का निर्णय लिया।

2– भारतीय जनता पार्टी, एक से दस मई तक प्रदेश में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान चलाएगी–केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह भी आएंगे।

3– यू.पी.एस.सी. मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों को राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि के रूप में एक–एक लाख रूपये देगी।

4– कल मनाया जाएगा अक्षय तृतीया का पर्व–राज्य शासन ने बाल विवाह रोकने के लिए सभी जिलों को दिशा–निर्देश जारी किए।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>वक्फ बोर्ड–संपत्ति किराया ऑनलाइन</u>**

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्ति का किराया ऑनलाइन लेने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रदेश के हर जिलों की मस्जिदों का अकाउंट ऑनलाइन खुलवाया गया है। वक्फ बोर्ड के नये निर्देश का पालन मस्जिदों और मदरसों के अधिकारियों ने शुरू कर दिया है। राज्य वक्फ बोर्ड ने इसे लेकर निर्देश जारी कर दिया है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज बताया कि छत्तीसगढ़, देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जहां वक्फ संपत्ति का किराया ऑनलाइन लिया जाएगा।

**<u>भाजपा–वक्फ सुधार जनजागरण अभियान</u>**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में एक से दस मई तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे आउटरीच गतिविधियों और कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री सिंह देव ने बताया कि अभियान के तहत मुस्लिम और अन्य समुदायों के धार्मिक नेता, डॉक्टर, कलाकार, वकील, शिक्षाविद, महिला कार्यकर्ता, मीडिया प्रमुख और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर को "उम्मीद अधिनियम" के प्रावधानों और उसके लाभों पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**<u>यूपीएससी परीक्षा–प्रोत्साहन राशि</u>**

राज्य सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को एक लाख रूपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी नगर पालिक निगमों को आदेश जारी कर दिया है। यह राशि चयनित प्रतिभागियों को महापौर सम्मान निधि के तहत प्रदान की जाएगी।

## मुख्यमंत्री–नगरीय निकाय समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल मंत्रालय में नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शहरों में आने वाले दस वर्षों की जरूरत के हिसाब से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने और शहरों के आउटर में विकसित हो रहे नए रिहायशी इलाकों में प्राथमिकता से उद्यान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण और विकास कार्यों की प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए ऐप या ऑनलाइन सिस्टम तैयार करने को कहा। श्री साय ने रायपुर नगर निगम की तरह अन्य नगरीय निकायों में भी संपत्ति कर की वसूली के लिए ऑनलाइन सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने मोर संगवारी योजना के तहत घर पहुंच दस्तावेज बनाने की व्यवस्था को केंद्र सरकार के डिजी–लॉकर से लिंक करने को कहा।

## केंद्रीय कृषि मंत्री–विज्ञान केन्द्र

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से देशभर के सभी सात सौ इकतीस कृषि विज्ञान केंद्रों के साथ संवाद किया। श्री चौहान ने इस बात पर बल दिया कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अभियान के रूप में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृषि व्यापक क्षेत्र है और प्रत्यक्ष रूप से लगभग पैंतालीस प्रतिशत जनसंख्या कृषि से जुड़ी है। श्री चौहान ने कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी का लगभग अट्ठारह प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र से ही आता है। इसलिए इस व्यापक भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए हमें लगातार प्रभावशाली प्रयास करने होंगे।

## राज्यपाल–जीपीएम

राज्यपाल रमेन डेका गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के प्रवास के दूसरे दिन आज अमरकंटक पहुंचे। उन्होंने नर्मदा जी के दर्शन और पूजन कर प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। प्रवास के दौरान राज्यपाल ने धरमपानी स्थित इको हिल रिसॉर्ट में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, पीएमश्री स्कूलों, पेण्ड्रारोड स्थित गुरूकुल और लालपुर के छात्रावास के बच्चों से मुलाकात की। इस मौके पर राज्यपाल ने बच्चों से पढ़ाई–लिखाई, उनकी रूचि और खेलकूद के बारे में चर्चा की।

इस दौरान राज्यपाल ने पकरिया आंगनबाड़ी केन्द्र का भी अवलोकन किया और आंगनबाड़ी में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता तथा पोषण आदि की जानकारी ली। इस मौके पर श्री डेका ने आंगनबाड़ी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आम का पौधा लगाया। राज्यपाल ने पकरिया गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभान्वित परिवार से भी मुलाकात की।

## माओवादी शिनाख्त

बीते चौबीस अप्रैल को बीजापुर जिले के कोरागुटटा में हुई मुठभेड़ में मारी गई तीन महिला माओवादियों की पहचान कर ली गई है। हुंगी, सिन्टु और शांति नाम की इन माओवादियों पर कुल चौबीस लाख रूपये का इनाम घोषित था और वे माओवादी संगठन की बटालियन नंबर–एक की सदस्य थीं।

## अक्षय तृतीया

कल अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। प्रदेश में इस दिन गुड्डे–गुड़ियों का विवाह रचाने की परंपरा है। वहीं, लोग मंदिर–देवालयों में दान–दक्षिणा कर विषेष पूजा–अर्चना करते हैं। राज्य के बाजारों में आकर्षक गुड्डे–गुड़िया बिक्री के लिए सजे हुए हैं। इन्हें लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

इस बीच, राज्य सरकार ने अक्षय तृतीया पर विवाह आयोजनों में बाल विवाह की आशंका को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। महिला और बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी ने बाल विवाह रोकने के लिए सभी कलेक्टरों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, जिला और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा विभागीय अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि कानून का उल्लंघन करने पर वर–वधु के अभिभावक, सगे–संबंधी, बाराती और विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाए। शासन ने सभी लोगों से इसके लिए सहयोग की अपील की है। यदि किसी को बाल विवाह की सूचना मिलती है, तो वह निकटतम

थाना प्रभारी या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर – एक शून्य नौ आठ (1098) या महिला हेल्पलाइन नंबर – एक आठ एक (181) अथवा आपातकालीन सेवा – एक एक दो (112) पर जानकारी दे सकते हैं।

**चारधाम यात्रा–प्रसारण**

आकाशवाणी से चारधाम यात्रा के उद्घाटन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। गंगोत्री धाम के खुलने का सीधा प्रसारण कल सुबह दस से ग्यारह बजे तक होगा। जबकि, यमुनोत्री धाम का सीधा प्रसारण साढ़े ग्यारह से साढ़े बारह बजे तक होगा। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण दो मई को सुबह छह बजे होगा। जबकि, बद्रीनाथ धाम के खुलने का सीधा प्रसारण चार मई को सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े सात बजे तक होगा। सीधा प्रसारण आकाशवाणी के इंद्रप्रस्थ, एफ.एम. गोल्ड और आराधना चैनल के साथ–साथ न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध होगा। यात्रा से जुड़ी रिपोर्ट भी कल से चार मई तक हर दिन शाम साढ़े सात बजे से सात बजकर पैंतालीस मिनट तक प्रसारित की जाएगी।

**रिजिजू–हज**

अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले सभी एक लाख बाईस हजार पांच सौ अट्ठारह श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित, समृद्ध तथा सुखद यात्रा के लिए प्रार्थना की। पहली उड़ान लखनऊ से दो सौ अठासी और हैदराबाद से दो सौ बासठ श्रद्धालुओं के साथ रवाना हुई। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि केन्द्र सरकार सुचारू और निर्बाध हज यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**दुर्घटना**

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक मोटरसाइकिल में सवार होकर कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। वापसी के दौरान पेंडारी गांव के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर तेज हवा के साथ आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ घंटों में सरगुजा संभाग से लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में तेज अंधड़ चलने, वज्रपात होने और आलोवृष्टि होने की संभावना है। दुर्ग और रायपुर संभाग के कुछ जिलों में भी अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल तीस अप्रैल को सुबह साढ़े ग्यारह बजे मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– नगरीय प्रशासन विभाग ने नगर निगमों में महापौर निधि, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अध्यक्ष निधि तथा तीनों तरह के निकायों में पार्षद निधि के रूप में एक सौ तीन करोड़ रुपए जारी किए हैं।

– राज्य सरकार ने भारतीय वन सेवा के पैंतीस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है।

– स्वास्थ्य विभाग ने सात चिकित्सा अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी कर दिया है।

– भोपाल में चौबीस से अट्टाईस अप्रैल तक आयोजित पैंतीसवीं राष्ट्रीय सब ूजूनियर और जूनियर कयाकिंग और केनोईंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी सौरभ साहू, शिव कुमार और निकोलस ने दो सौ मीटर इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>